हड़ताल में पटवारी, राजस्व सेवाएं प्रभावित

जिले के शत-प्रतिशत 350 पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल में गए, किसानों, विद्यार्थियों और आम लोगों को जरूरी प्रमाण पत्रों के लिए हो रही परेशानी

नवभारत न्यूज

सीधी 5 अगस्त। मध्यप्रदेश में पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल का असर अब सीधी जिले में भी दिखाई देने लगा है। जिले के 350 पटवारियों के सामूहिक रूप से हड़ताल पर जाने से राजस्व विभाग, किसान कल्याण और आम नागरिकों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण ऑनलाइन और ऑफलाइन सेवाएं प्रभावित होने की आशंका है। इससे किसानों, विद्यार्थियों और आम लोगों को जरूरी प्रमाण पत्रों एवं राजस्व संबंधी कार्यों के लिए परेशानी उठानी पड़ सकती है।

हड़ताल के कारण खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर बिक्री के लिए किसान पंजीयन का कार्य प्रभावित हो सकता है। खेतों में बोई गई फसलों की ऑनलाइन गिरदावरी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत ई-केवाईसी और भूमि सत्यापन की प्रक्रिया भी बाधित रहेगी। प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में फसल नुकसान का सर्वे और राहत राशि के लिए आवश्यक दस्तावेज तैयार करने का काम भी प्रभावित होगा। राजस्व विभाग से जुड़ी सेवाओं में आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रों के लिए आवश्यक पटवारी सत्यापन नहीं हो सकेगा। इसके अलावा जमीन के नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, खसरा-खतौनी में सुधार तथा भू-अभिलेखों से संबंधित ऑनलाइन आवेदनों का निराकरण भी लंबित रहने की संभावना है।

हड़ताल का असर बैंकिंग और न्यायिक प्रक्रियाओं पर भी पड़ सकता है। कृषि ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड और भूमि आधारित ऋण के लिए आवश्यक पटवारी रिपोर्ट समय पर उपलब्ध नहीं होगी। वहीं तहसीलदार और एसडीएम न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरणों के लिए जरूरी स्थलीय जांच रिपोर्ट भी प्रस्तुत नहीं की जा सकेगी। पटवारी लंबे समय से वेतन विसंगति दूर करने, पदोन्नति की व्यवस्था लागू करने तथा विभिन्न भत्तों में वृद्धि की मांग कर रहे हैं। मांगों पर समाधान नहीं होने के बाद उन्होंने अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लिया है। यदि हड़ताल लंबी चली तो जिले में राजस्व प्रशासन की कार्यप्रणाली के साथ-साथ किसानों और आम नागरिकों से जुड़े अनेक जरूरी कार्यों पर व्यापक असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

इनका कहना है

सरकार का रुख सकारात्मक है किन्तु पटवारियों की सबसे महत्वपूर्ण मांग कैडर रिव्यू एवं समयमान वेतनमान का समाधान अब तक नहीं हो सका है। शासन द्वारा तैयार किए गए कैडर रिव्यू प्रस्ताव पर पटवारी संघ अपनी सहमति पहले ही दे चुका है लेकिन अब तक उस प्रस्ताव को लागू नहीं किया गया है। कैडर-रिव्यू लागू होने से पदोन्नति और समयमान वेतनमान दोनों समस्याओं का स्थायी समाधान संभव है। इसलिए प्रदेशभर के पटवारी इसके समर्थन में एकमत हैं।

उपेन्द्र सिंह बघेल, प्रदेशाध्यक्ष म.प्र. पटवारी संघ भोपाल

मध्यप्रदेश पटवारी संघ भोपाल के आह्वान पर अपनी 5 सूत्रीय मांगों के निराकरण ना होने से चरणबद्ध आंदोलन के तहत अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं बस्ते जिले के सभी तहसील कार्यालय में पटवारियों जमा कर दिए गए हैं। जिले के 350 शत प्रतिशत पटवारी इस हड़ताल में शामिल हैं।

शतमन्यु विश्वकर्मा, जिलाध्यक्ष म.प्र. पटवारी संघ सीधी

टमसार स्वास्थ्य केन्द्र का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर दिया जोर, मरीजों से जाना उपचार का हाल

नवभारत न्यूज

सीधी 5 अगस्त। कलेक्टर ने बुधवार को टमसार स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, वार्ड, दवा वितरण कक्ष, प्रसूति कक्ष, टीकाकरण कक्ष तथा अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए मरीजों को बेहतर एवं समयबद्ध उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से चर्चा कर उपचार, चिकित्सकों की उपलब्धता, दवाओं की उपलब्धता तथा अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मरीजों से मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में फीडबैक लिया और कहा कि प्रत्येक मरीज के साथ संवेदनशील एवं मानवीय व्यवहार किया जाए, ताकि उन्हें बेहतर उपचार के साथ विश्वासपूर्ण वातावरण भी मिल सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति, दवाओं के स्टॉक, आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता तथा साफ-सफाई की स्थिति का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सभी आवश्यक दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखने तथा मरीजों को अनावश्यक रूप से बाहर की दवाएं न लिखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य केन्द्र में आने वाले प्रत्येक मरीज को समय पर उपचार, आवश्यक जांच एवं सभी शासकीय स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए। साथ ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, नियमित टीकाकरण तथा आपातकालीन सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के अंत में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने के निर्देश दिए।

बारिश ने खोली चुरहट नगर परिषद की पोल, घरों-दुकानों में घुसा पानी

नवभारत न्यूज

चुरहट 5 अगस्त। तेज बारिश के बाद आज चुरहट नगर परिषद क्षेत्र के मुख्य बाजार सहित कई मोहल्लों में जलभराव की गंभीर स्थिति बन गई। बारिश का पानी दुकानों, घरों और सड़कों में भर जाने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

कई दुकानों के सामने कमर तक पानी जमा होने से व्यापार प्रभावित हुआ, वहीं राहगीरों और वाहन चालकों को भी आवागमन में कठिनाई हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जलभराव की मुख्य वजह नालियों और नालों पर किया गया अतिक्रमण तथा उनमें फेंका जाने वाला कचरा है। जल निकासी के प्राकृतिक मार्ग अवरुद्ध होने से बारिश का पानी सड़कों से निकलने के बजाय बाजार और रिहायशी क्षेत्रों में भर गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ लोगों द्वारा नालियों पर स्थायी निर्माण और अतिक्रमण कर लिया गया है। इसके अलावा घरों और दुकानों का कचरा भी नालियों में डाल दिया जाता है जिससे जल निकासी व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो जाती है। सूत्रों के अनुसार समय-2 पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाती है लेकिन कार्रवाई शुरू होते ही अतिक्रमण करने वाले लोग विरोध पर उतर आते हैं। इससे स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है और आम नागरिकों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। नगरवासियों ने मांग की है कि नगर परिषद प्रशासन नालियों और नालों से अतिक्रमण हटाकर नियमित सफाई कराए ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो और बारिश के दौरान लोगों को राहत मिल सके।

इनका कहना है

बारिश की वजह से कई जगहों पर जलभराव हुआ है। जल भराव का मुख्य वजह नालियों पर अतिक्रमण है जल्द ही अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी।

मोहित शुक्ला
सीएमओ नपं चुरहट

मझौली महाविद्यालय प्राचार्य ने कुलसचिव से की मुलाकात, विद्यार्थियों की सुविधा को लेकर रखा पक्ष

नवभारत न्यूज

मझौली 5 अगस्त। शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली के विश्वविद्यालयीन परीक्षा केन्द्र की बहाली की दिशा में सकारात्मक पहल हुई है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.गीता भारती ने प्रो.नीरजा नामदेव एवं सहायक कुलसचिव बी.एल. साकेत से मुलाकात कर परीक्षा केन्द्र पुनः मझौली में स्थापित किए जाने की मांग रखी।

चर्चा के दौरान प्राचार्य ने बताया कि तत्कालीन परिस्थितियों के कारण शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली का परीक्षा केन्द्र बदलकर जिला मुख्यालय सीधी कर दिया गया था। इसके परिणामस्वरूप महाविद्यालय के विद्यार्थियों को परीक्षा देने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है जिससे उन्हें अतिरिक्त आर्थिक व्यय, समय की हानि तथा मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्राचार्य डॉ.गीता भारती ने विश्वविद्यालय प्रशासन को अवगत कराया कि महाविद्यालय में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय तथा मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय की स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाएं विगत कई वर्षों से सफलतापूर्वक एवं सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित की जा रही हैं। महाविद्यालय में परीक्षा संचालन हेतु आवश्यक संसाधन एवं व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। महाविद्यालय की ओर से प्रस्तुत तथ्यों एवं मांग पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने आगामी सत्र से शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालयए मझौली के विश्वविद्यालयीन परीक्षा केन्द्र की बहाली के संबंध में आश्वासन दिया है। परीक्षा केन्द्र की बहाली से क्षेत्र के विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है तथा उन्हें स्थानीय स्तर पर परीक्षा देने की सुविधा प्राप्त हो सकेगी।

राष्ट्रीय गायिका मणिका के घर पर भरा लबालब पानी, गिट्टी बालू हटवाने की मांग

नवभारत न्यूज

सीधी 5 अगस्त। बुधवार को भारी बारिश एवं मुख्य पीसीसी सड़क मार्ग में रखे गिट्टी, बालू की वजह से कलेक्ट्रेट के पीछे शहर से लगे नौढ़िया ग्राम पंचायत के वार्ड क्रमांक 16 में स्थित मणिका संगीत एवं कला संस्कृति संस्थान के घर के भीतर देखते ही देखते जल भराव हो गया।

मणिका के परिजनों की सक्रियता की वजह से कुछ घंटो बाद पानी को निकाला गया। राष्ट्रीय गायिका मणिका पाण्डेय का आरोप है कि मेरे घर के सामने सविता पाठक मकान मालिक की लापरवाही के कारण संस्थान में बारिश का पानी भर गया। आमने-सामने बने घर में सविता जो एक नर्सिंग होम मे स्टाफ नर्स के पद पर नियुक्त हैं जो अपने घर की छत डलवा रही हैं। छत निर्माण के लिए बालू, गिट्टी और किरची का पूरा मटेरियल सरकारी रोड पर डाल दिया गया। इससे रास्ता पूरी तरह ब्लॉक हो गया, आवागमन का साधन बंद हो गया है और आमने-सामने के घरों से पानी की निकासी बंद हो गया है। संस्थान में मौजूद 70 वर्षीय एक बुजुर्ग ने पानी में चलकर फरुआ ढूंढा और मटेरियल को किनारे कर पानी निकलने के लिए सुरंग बनाई। समय रहते पानी निकल जाने से संस्थान के सदस्यों की जान बच सकी। मणिका संस्थान से जुड़े लोग और मोहल्ले के लोगों ने मांग की है कि इस तरह सरकारी रोड पर निर्माण सामग्री डालकर रास्ता अवरुद्ध करने वालों पर कार्रवाई हो।

बस किराया वृद्धि का निर्णय तत्काल वापस ले सरकार : यज्ञराज

नवभारत न्यूज

सीधी 5 अगस्त। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा परिवहन विभाग के बस किराए में की गई वृद्धि पर सिहावल जनपद के वार्ड कुबरी जनपद सदस्य यज्ञराज ने कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे आम जनता, विशेषकर गरीब, मजदूर, किसान, विद्यार्थियों और नौकरीपेशा लोगों के हितों के विरुद्ध बताया है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रदेश का युवा बेरोजगारी, किसान बढ़ती लागत, मजदूर आर्थिक तंगी, व्यापारी मंदी तथा मध्यमवर्गीय परिवार लगातार बढ़ती महंगाई से जूझ रहे हैं। ऐसे समय में बस किराए में वृद्धि लाखों परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने वाला निर्णय है। यज्ञराज ने कहा कि दूसरे राज्यों में रोजगार की तलाश में जाने वाले श्रमिक, प्रतिदिन बस से आवागमन करने वाले कर्मचारी तथा विद्यालय और महाविद्यालय के विद्यार्थी इस निर्णय से सबसे अधिक प्रभावित होंगे। परिवहन लागत बढ़ने का सीधा असर आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर भी पड़ेगा, जिससे महंगाई और बढ़ेगी।

उन्होंने सरकार से मांग की कि आम जनता की आर्थिक स्थिति को देखते हुए बस किराया वृद्धि के निर्णय पर तत्काल पुनर्विचार किया जाए तथा इसे वापस लेकर प्रदेशवासियों को राहत प्रदान की जाए। यज्ञराज ने कहा कि सरकार का दायित्व जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालना नहींए बल्कि राहत देना है। इसलिए सरकार को जनहित को सर्वोपरि रखते हुए इस निर्णय को वापस लेना चाहिए।

उच्च न्यायालय के छात्रसंघ चुनाव संबंधी निर्णय का स्वागत : कौशलेंद्र

नवभारत न्यूज

सीधी 5 अगस्त। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा प्रदेश के महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव कराए जाने के संबंध में दिए गए निर्देश का अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला सीधी के पूर्व कार्यकर्ता कौशलेंद्र सिंह चौहान ने स्वागत करते हुए इसे लोकतंत्र और छात्र हितों की दिशा में ऐतिहासिक निर्णय बताया है।

कौशलेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव केवल प्रतिनिधियों के चयन का माध्यम नहीं बल्कि युवाओं में नेतृत्व क्षमता, लोकतांत्रिक मूल्यों, उत्तरदायित्व और संगठनात्मक कौशल विकसित करने का सशक्त मंच है। लंबे समय से छात्रसंघ चुनाव बंद रहने के कारण विद्यार्थियों को अपनी नेतृत्व क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर नहीं मिल पा रहा था। उच्च न्यायालय के इस निर्णय से विद्यार्थियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होगा। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय और विश्वविद्यालय लोकतंत्र की पहली पाठशाला हैं। यहां से निकले छात्र नेता भविष्य में समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कौशलेंद्र सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश शासन से आग्रह किया कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों का सम्मान करते हुए प्रदेश के सभी महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में शीघ्र छात्रसंघ चुनाव कराए जाएं ताकि योग्य, प्रतिभाशाली और छात्र हितों के प्रति समर्पित नेतृत्व सामने आ सके तथा विद्यार्थियों की समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो।

ठाड़ीपाथर में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के घर पहुंचे कलेक्टर

नवभारत न्यूज

सीधी 5 अगस्त। कलेक्टर ने बुधवार को ग्राम ठाड़ीपाथर पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही सुखसेन बैगा एवं पानकली बैगा के आवास का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आवास निर्माण की गुणवत्ता, निर्माण कार्य की स्थिति तथा हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिलने की जानकारी प्राप्त की।

कलेक्टर ने हितग्राहियों एवं उनके परिवार के सदस्यों से चर्चा कर आवास निर्माण की प्रक्रिया, प्राप्त सुविधाओं तथा योजना से हुए लाभ के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को सुरक्षित एवं सम्मानजनक पक्का आवास उपलब्ध कराना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्वीकृत आवासों का निर्माण समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराया जाए तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ बिना किसी परेशानी के मिले। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने हितग्राहियों से अन्य शासकीय योजनाओं की जानकारी भी ली तथा उन्हें विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान सीईओ जनपद पंचायत ज्ञानेंद्र मिश्रा, तहसीलदार नारायण सिंह सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

किसान 17 तक करा सकेंगे खरीफ फसलों का बीमा

नवभारत न्यूज

सीधी 5 अगस्त। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं अधिक से अधिक किसानों को योजना से जोड़ने के उद्देश्य से फसल बीमा जागरूकता रथ को अपर कलेक्टर एवं उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर किसानों को फसल बीमा योजना की जानकारी देगा तथा बीमा कराने के लिए जागरूक करेगा। अधिकारियों ने बताया कि शासन द्वारा खरीफ 2026 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 17 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है। किसानों से अपील की गई कि वे समयसीमा के भीतर अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा अवश्य कराएं, ताकि प्राकृतिक आपदा अथवा प्रतिकूल परिस्थितियों में होने वाले नुकसान की भरपाई योजना के माध्यम से हो सके।

लंबित प्रकरणों के निराकरण में शिथिलता स्वीकार नहीं : प्रिया

नवभारत न्यूज

सीधी 5 अगस्त। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के प्रभावी एवं सुचारू क्रियान्वयन के लिए बुधवार को जनपद पंचायत सीधी के मिनी सभागार में एसडीएम गोपदबनास प्रिया पाठक की अध्यक्षता में खंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में 7 अगस्त 2026 से 8 जनवरी 2027 तक प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होने वाले अभियान की तैयारियों एवं कार्ययोजना की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में एसडीएम ने निर्देश दिए कि प्रत्येक गुरुवार तक सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई तथा लोक सेवा गारंटी से संबंधित सभी लंबित आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में अनिवार्य रूप से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लंबित प्रकरणों के निराकरण में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देशित किया कि अभियान के तहत प्रत्येक शुक्रवार को सभी खंड स्तरीय अधिकारी अपने-अपने कार्यक्षेत्र में आवश्यक दस्तावेजों के साथ भ्रमण करेंगे। भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से प्राप्त ऑफलाइन आवेदनों का मौके पर संधारण कराते हुए उनका समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा तथा संबंधित आवेदनों को निर्धारित पोर्टल पर दर्ज कराया जाएगा, ताकि नागरिकों को त्वरित एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध हो सकें। बैठक में एसडीएम प्रिया पाठक ने अभियान की सफलता के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, निर्धारित समय-सीमा का पालन करने तथा आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का उद्देश्य शासन की सेवाओं को आमजन तक सरल, सुगम एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाना है, इसलिए सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता : विकास

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कुसमी में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद, कलेक्टर ने छात्रावास का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सीधी 5 अगस्त। कलेक्टर ने मंगलवार को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कुसमी का भ्रमण कर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ आत्मीय संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई, भविष्य के लक्ष्य, दैनिक दिनचर्या, खेलकूद, छात्रावास की व्यवस्थाओं तथा विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। वहीं शिक्षकों से शैक्षणिक गतिविधियों, परीक्षा परिणाम, विद्यार्थियों की प्रगति, नवाचारों तथा विद्यालय संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जानकारी प्राप्त की।

भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्थाओं, कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय एवं छात्रावास का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावास में स्वच्छता, भोजन, पेयजल, सुरक्षा तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों एवं विद्यालय प्रबंधन को विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर आवासीय सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आदिवासी अंचल के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने छात्रावास में विद्यार्थियों के साथ बैठकर रात्रि भोजन भी किया। भोजन के दौरान उन्होंने बच्चों से सहज वातावरण में चर्चा की, उनकी समस्याएं सुनीं, भोजन की गुणवत्ता और छात्रावास की व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक लिया तथा आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। विद्यार्थियों ने भी कलेक्टर के साथ आत्मीय बातचीत कर अपने अनुभव साझा किए। कलेक्टर के इस आत्मीय संवाद और मार्गदर्शन से शिक्षक एवं विद्यार्थी दोनों ही उत्साहित नजर आए। उन्होंने विद्यार्थियों को विश्वास दिलाया कि जिला प्रशासन उनकी शिक्षा, सुरक्षा और सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव प्रयास करता रहेगा।

कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास सफलता की बड़ी कुंजी

कलेक्टर ने शिक्षकों से कहा कि वे विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रखें, बल्कि उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और नैतिक मूल्यों का भी विकास करें। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर अध्ययन करने, समय का सदुपयोग करने तथा जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास सफलता की सबसे बड़ी कुंजी हैं।